बिहार विधान परिषद

(199वां शीतकालीन सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

2 दिसम्बर, 2021

[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह].

Total Short Notice Question- 5

कब्रिस्तान की घेराबंदी

*12 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका प्रखंड के गवन्द्री गांव के पश्चिम भाग में अवस्थित कब्रिस्तान एवं करसहिया बैंक के नजदीक अवस्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी किया जाना सामाजिक दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त दोनों कब्रिस्तानों की घेराबंदी शीघ्र करवाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

ठोस कदम कबतक

*13 **प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **लघु जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड के पुरान पंचायत के जोन्हा ग्राम के सटे देसियन नाला के कटाव से उस क्षेत्र के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में नाले के कटाव से गांव को बचाने के लिए ठोस कदम उठायेगी, नहीं तो क्यों ?

हत्या की जांच कबतक

*14 **श्री घनश्याम ठाकुर (मनोनीत):**

क्या **गृह** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के बेनीपट्टी निवासी पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता बुद्धिनाथ झा उर्फ अविनाश का अपहरण कर नृशंस हत्या कर दी गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि बुद्धिनाथ झा उर्फ अविनाश एक निजी पोर्टल से पत्रकारिता से जुड़ा था, RTI व परिवाद कार्यकर्ता था और दिनांकः- 08.09.2021 को उसने सिविल सर्जन, मधुबनी के पास बेनीपट्टी के कटैया रोड में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम के बारे में परिवाद दिया था;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त परिवाद के आलोक में की गई जांच में अनियमितता पाई है, उसके बाद उनको जान की धमकी मिलने लगी तथा दिनांकः- 09.11.2021 के रात 10 बजे फोन कर बुला कर अपहरण कर लिया गया और दिनांकः- 12.11.2021 को उनका अधजला शव बरामद हुआ;

(घ) यदि उपर्युक्त खडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित युवक की हत्या की निष्पक्ष जांच कराकर हत्याकांड में सम्मिलित लोगों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

समाधान कबतक

*15 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जल-जमाव के चलते फसल की काफी क्षति हुई है जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार राज्य के किसानों के हित में जल-जमाव की समस्या का एक योजनाबद्ध तरीके से समाधान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

छात्रावास का निर्माण

*16 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक):**

क्या **पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना के अंतर्गत छात्रावासों के निर्माण का प्रावधान है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सीवान, सारण, गोपालगंज, पूर्वी चम्पारण, पश्चिम चम्पारण में छात्रावासों का निर्माण कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है, यदि हां तो कबतक पूरा करने की योजना है ?